उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7

# UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, शुक्रवार, 21 अगस्त 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

देश

## डी.पी.बी.एस. महाविद्यालय, अनूपशहर में प्राचार्य प्रोफेसर जीके सिंह के निर्देशन में भौतिकी विभाग के तत्वावधान में अक्षय ऊर्जा दिवस का सहर्ष आयोजन किया गया।




संवाददाता गगन कुमार अनूपशहर। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अक्षय ऊर्जा के महत्व, उसके विभिन्न स्रोतों तथा पर्यावरण संरक्षण में उसकी भूमिका के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर भौतिकी विभागाध्यक्ष *डॉ. यजवेन्द्र कुमार* ने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान समय में ऊर्जा की बढ़ती मांग और पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल ऊर्जा तथा अन्य अक्षय ऊर्जा स्रोतों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अक्षय ऊर्जा न केवल ऊर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक है, बल्कि यह प्रदूषण को कम करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है।रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. चंद्रावती ने बताया कि भारत में हर साल 20 अगस्त को अक्षय ऊर्जा दिवस (Renewable Energy Day) मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 2004 में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) द्वारा की गई थी। यह दिन पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्मदिन की याद में भी मनाया जाता है। आपने छात्र-छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी अक्षय ऊर्जा के प्रति जागरूक होकर इसके प्रयोग और प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

### एक नज़र में

मथुरा की आरती गौड़ बनीं ग्राम पंचायत अधिकारी, जिले का बढ़ाया गौरव।
अर्धनिर्मित मकान में मिला व्यक्ति का शव, पुलिस जांच में जुटी।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

### मथुरा की आरती गौड़ बनीं ग्राम पंचायत अधिकारी, जिले का बढ़ाया गौरव।



संवाददाता हरिपाल सिंह मथुरा। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा आयोजित ग्राम पंचायत अधिकारी मुख्य परीक्षा के परिणाम में मथुरा की आरती गौड़ ने सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। चयनित अभ्यर्थियों की श्रेणीवार सूची में आरती गौड़ का नाम शामिल है। उनका चयन ग्राम पंचायत अधिकारी पद के लिए हुआ है।आरती गौड़ के ग्राम पंचायत अधिकारी बनने की खबर मिलते ही परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों ने उनकी सफलता का श्रेय उनकी मेहनत, लगन और निरंतर तैयारी को दिया। आरती की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

देश

### अर्धनिर्मित मकान में मिला व्यक्ति का शव, पुलिस जांच में जुटी।




संवाददाता इंद्रेश कुमार मिश्रा अयोध्या। थाना मालीपुर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम तेन्दुआ दियरा में अर्धनिर्मित मकान में एक व्यक्ति का शव बरामद होने की सूचना प्राप्त हुई । मृतक की बहन द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना मालीपुर पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी हाउस भेजा गया है। घटना के शीघ्र एवं सफल अनावरण हेतु पुलिस की टीमों का गठन किया गया है। पुलिस द्वारा घटनास्थल एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर गहनता से जांच की जा रही है। शीघ्र ही घटना का अनावरण किया जाएगा। श्रीमान क्षेत्राधिकारी जलालपुर श्री अनूप कुमार द्वारा दी गई बाइट।